an>

Title: Regarding connecting Ferozpur, Fazlika and Mukstar district of Punjab with Shatabdi trains.

SHRI SHER SINGH GHUBAYA (FEROZEPUR): Thank you, Deputy Speaker, Sir, for giving me this opportunity to speak on an important matter during 'Zero Hour'. मैं जिस पार्लियामेन्ट हलके से आता हूं, वह 150 किलोमीटर पाकिस्तार बार्डर के साथ है। उसमें तीन जिले पड़ते हैं - फिरोजपुर, फजलिका और मुक्तसर। सबसे पहले हमारी बदकिस्मती यह है कि हम बार्डर पर रह रहे हैं, लेकिन रेलवे की तरफ से तीनों डिस्ट्रिक्ट्स में एक भी शताब्दी ट्रेन नहीं दी गयी है। एक एक्सप्रेस ट्रेन फिरोजपुर के लिए जाती है। हमारी यह डिमांड है कि तीनों जिलों को शताब्दी ट्रेनों से जोड़ा जाये।

हमारे यहां गंगा नगर रेलवे लाइन है, जहां से सराय रोहिला और नंदेड़ के लिए ट्रेन चलती है। वहां एक और अनजस्टिस हमारे लोगों के साथ हुआ है। मलौट रेलवे स्टेशन हमारे मुख्यमंत्री सरदार प्रकाश सिंह जी का सबडिविजन है, डिप्टी चीफ मिनिस्टर सरदार सुखबिर सिंह जी का सबडिविजन है, हरसिमरत जी जो मिनिस्टर हैं, वह उनका सबडिविजन है, वहां नंदेड से जो ट्रेन चलती है, सराय रोहिला के लिए जो ट्रेन चलती है तो मलौट सबडिविजन में उसका स्टॉपेज नहीं है। वहां के लोगों ने पिछले एक महीना से प्रोटेस्ट के लिए वहां धरना दिए हुए हैं।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि पंजाब में नंदेड़ जो रेल जाती है वह सिखों के लिए बहुत पवित्र स्थान है। रेल मालौट, मानसा और सभी स्टेशनों पर रूकनी चाहिए। उन सभी जगहों को शताब्दी ट्रेनों से भी जोड़ दिया जाये।